# खाटू में ठिकाना | by Shubham Panchal

कोई कहता है सारा ज़माना है मेरा
कोई कहता है अपना बेगाना है मेरा
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा

कैसे कह के बताऊँ तूने जो भी किया है
मैं जो खाऊं मैं जो गाऊं सब तूने ही दिया है
ये जो गड्डियों में बाबा आना जाना है मेरा
सब तुमसे है केवल बहाना है मेरा
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा

जबसे तुमसे जुड़ा हूँ मैंने हर नाता तोडा
एक तेरे ही भरोसे मैंने संसार छोड़ा
बाबा तुमसे ही उजला सवेरा है मेरा
जबसे खाटू में डाला है अब मैंने डेरा
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a0%e0%a4%bf%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-shubham-panchal/